एक नजर में

## ब्लॉक् स्तरीय प्रतियोगिता विद्योदय खेल परिसर में



**मनावर ।** स्थानीय विद्योदय महाविद्यालय के नव श्रृंगारित खेल परिसर में मेरा युवा भारत मनावर जिला धार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र धार के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. विशाल डालके के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बृजेश मालवीया एस.डी.ओ.पी. मनावर, विशेष अतिथि ईश्वर सिंह चौहान थाना प्रभारी मनावर ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। आमंत्रित अतिथी, विद्योदय शिक्षण समिति के सदस्य विपुल गंगवाल, आशीष गंगवाल, विवेक बड़जात्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अजय वाघे, विद्योदय इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य हेमंत भैरम द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उपस्थित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए श्री बृजेश मालवीया ने विद्यार्थियों के जीवन में खेलों का क्या महत्व है और प्रशासनिक सेवाओं में खेलों के माध्यम से चयनित होने के अवसरों से अवगत कराया गया, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि खेलों से हमारा व्यक्तित्व निखरता है। सचिव विपुल गंगवाल द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अपने-अपने कौशलों में विकास करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसके लिए विद्योदय खेल अकादमी की स्थापना करके विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र हर संभव सहयोग प्रदान करने का संकल्प दोहराया। विद्योदय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अजय वाघे द्वारा खिलाड़ियों को हार जीत से परे खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान करते हुए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिताओं में खो-खो बालिका वर्ग में विद्योदय इंटरनेशनल स्कूल विजेता एवं विद्योदय महाविद्यालय की बी.कॉम. उपविजेता रही। बालक वर्ग कबड्डी में सांदीपनी शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय मनावर के बालकों ने ताल ठोककर विजेता की ट्रॉफी पर अधिकार जमाया तो विद्योदय इंटरनेशनल स्कूल मनावर को उपविजेता घोषित किया गया। मनीष द्विवेदी अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी, छोटू सिंह चौहान गवर्नमेंट पीटीआई, दूल्हे सिंह चौहान गवर्नमेंट पीटीआई कलवानी द्वारा अपने सटीक निर्णय द्वारा प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में योगदान दिया। प्रो. सचिन पाटीदार, अंतिम डालके, राहुल राठौर का प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजेश मालवीया, विशेष अतिथि ईश्वर सिंह चौहान को समिति सदस्यों विपुल गंगवाल, आशीष गंगवाल एवं विवेक बड़जात्या द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. बालाजी अवसरकर द्वारा किया गया।

## सोहन मेहरा का निधन



**बदनावर (धार) ।** ग्राम पंचायत माकनी के सरपंच महेश मेहरा व मध्यप्रदेश पुलिस में कार्यरत प्रधान आरक्षक मोहन मेहरा के भाई सोहन लाल मेहरा का निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। माकनी स्थित स्थानीय मुक्तिधाम पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर इंदर सिंह पटेल, एमपीईबी के संभागायुक्त सुरेशचंद्र वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## माही नदी पर घाट निर्माण का विधायक ग्रेवाल ने किया भूमिपूजन

### 20 लाख की लागत से होगा निर्माण, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा



**सरदारपुर ।** जन-जन की आस्था के केन्द्र माही नदी भोपावर मार्ग सरदारपुर पर सोमवार को विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा 20 लाख की लागत से नवीन घाट निर्माण कार्य एवं पुरानी पुलिया का मरम्मत कार्य का भूमिपुजन किया गया। माही नदी भोपावर मार्ग पर पूर्व मे निर्मीत घाट एवं पुलिया क्षतिग्रस्त होने से नवीन घाट निर्माण एवं पुलिया मरम्मत कार्य की मांग की जा रही थी। नवीन घाट निर्माण एवं पुलिया मरम्मत कार्य की विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रयासो से स्वीकृती मिलने पर विधायक प्रताप ग्रेवाल, नगर परिषद् अध्यक्ष मिनाक्षी अर्पित ग्रेवाल, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चैहान एवं पार्षदगणो द्वारा विधि विधान पूर्वक भूमिपुजन किया गया। इस दौरान मुख्य नगर परिषद् अधिकारी यशवंत शुक्ला, उपयंत्री कविता जमरे, पार्षद संजय जायसवाल, दिनेश यादव, नीरज कटारे, भावना भैरवे, पार्षद प्रतिनिधी भगवती यादव, नरेन्द्र पारगी, राजेन्द्र ग्रेवाल, राकेश शर्मा, आकाश भारद्वाज, अरूण गोखले आदि उपस्थित रहे।

## जैन मंदिर से पूजा सामग्री चोरी के आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



**सरदारपुर ।** मध्य रात्रि में नवरत्न आराधनालय राजगढ जैन मंदिर से अज्ञात बदमाश पुजा सामग्री चोरी कर ले गये जिस पर फरियादी ?नितिन चौहान की सूचना पर थाना राजगढ पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेला पारूलकर के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में उक्त घटना के आरोपी को पकडने हेतु एक टीम का गठन किया गया ।दिनांक 09.02.2026 को टीम द्वारा आरोपी 1- पवन पिता उदयसिंह डामोर उम्र 22 साल निवासी बिरयाखेडी मोहन नगर रतलाम 2- दिनेश पिता छगन निनामा उम्र 26 साल निवासी राम नगर रतलाम को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से विभिन्न धातुओं की पूजा सामग्री करीब 40 की संख्या में की जब्त की गईं हैं ।

**सराहनिय भूमिका**-उक्त कार्रवाई में उनि जुली अमलियार, सउनि राजेन्द्रसिंह ठाकुर, प्रआर प्रकाश वसुनिया, आरक्षक अंकित रघुवंशी, आरक्षक दिलीप डुडवे, आरक्षक सुभाष परमार की सराहनीय भुमिका रही है । पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

गिरफ्तार आरोपी-1-पवन पिता उदयसिंह डामोर उम्र 22 साल निवासी बिरयाखेडी मोहन नगर रतलाम ,2- दिनेश पिता छगन निनामा उम्र 26 साल निवासी राम नगर रतलाम





# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विधयेक ऐतिहासिक कदम

- धार में बीबीजी रामजी जन प्रतिनिधि जिला सम्मेलन संपन्न
- सम्मेलन में वीबीजी रामजी योजना की उपलब्धियां गिनाई



**धार।** विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अंतर्गत विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट ( *VB G RAM G*) के जन जागरण को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय जन प्रतिनिधियों का जिला सम्मेलन संपन्न हुआ जिसको मुख्य वकता भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा मुख्य अतिथि केंद्र सरकार में मंत्री एंव सांसद सावित्री ठाकुर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक नीना वर्मा पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने संबोधित किया।

सर्व प्रथम अतिथियों ने भारतमाता व पितृ पुरुष के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर जिला सम्मेलन आरंभ किया।

मुख्य वक्ता जयपाल सिंह चावड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि वीबीजी राम जी अधिनियम को केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे संरचना निर्माण, कौशल विकास, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग से जोड़ते हुए तैयार किया है। जिससे गांवों में स्थायी और समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। गांव के विकास का मॉडल व स्वरूप ग्राम पंचायत तैयार करेगी। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ग्राम पंचायतों द्वारा योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। गांवों के बेहतर और सुनियोजित विकास के लिए पीएम गति शक्ति, जीआईएस सहित अन्य आधुनिक आईटी टूल्स का उपयोग किया जा सकेगा।

विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए यह विधेयक एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है, जिस पर किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिए। भ्रष्टाचार रोकने व अंतिम पंक्ति में बैठे जरूरतमंद व्यक्ति को रोजगार देने व उनके जीवन मे खुशहाली लाने का काम करेगा। विकसित भारत गारंटी (वीबीजी) रामजी अभियान ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन को नई दिशा देगा।

इस योजना की कल्पना हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने देखी है जिसको हम सब साकार करना है।

केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण 2025 के तहत गांवों की योजनाएं अब उनकी स्थानीय जरूरतों के अनुसार तय की जाएंगी। इस पहल से किसानों और श्रमिकों दोनों को लाभ मिलेगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि जन प्रतिनिधि जिला सम्मेलन में किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोदिया जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु राठौड,पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त महेन्द्र सिंह पिपलीपाडा,जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने व राकेश पटेल पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया व मु?मसिंह निगवाल,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह चौहान जिला टोली सदस्य प्रेमचंद परमार कपिल निनामा गायत्री पुरोहित मंचासीन रहे। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता जिले के जनप्रतिनिधि किसान मोर्चा जिला पदाधिकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत व जनपद सदस्य समेत अनेक सहकारिता से जुड़े भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा का प्रथम नगर आगमन पर अनेक मंचो से स्वागत किया गया और भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष द्वारा आदिवासी संस्कृति का प्रतीक तीर कमान व पर्यावरण प्रेमी अमृत पाटीदार ने पौधा भेंट कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व टोली सह संयोजक रविंद्र पाटीदार ने किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार ने आभार माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा व सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

# बाग कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू

**बाग ॰ राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत महाविद्यालय बाग के विद्यार्थियों का सात दिवसीय कैंप शुरू हुआ। यह कैंप गोद लिए गए ग्राम महाकालपुरा में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य साक्षरता और रक्तदान जैसी विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी। शिविर को %मेरा युवा भारत% थीम दी गई है, जिसमें युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद को चित्रित किया गया है।**





उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने एनएसएस को सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और सामाजिक जिम्मेदारी के विकास का एक महत्वपूर्ण साधन बताया। कैंप प्रभारी प्राध्यापक डॉ. महेंद्र माटे ने जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस छात्रों को समाज की सेवा करने और एक कुशल नागरिक बनने का अवसर प्रदान करता है। भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का संचालन 1969 से किया जा रहा है, जो भाग लेने वाले विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व के विकास का अवसर देती है।

प्रभारी प्राचार्य सद्दाम पटेल ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र सामाजिक

जागरूकता, नेतृत्व कौशल और राष्ट्रीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हुए समाज के साथ जुड़ते हैं।

अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस में भागीदारी करने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज हित के कार्य करते हैं, जिससे उनमें विद्यार्थी जीवन से ही समाजसेवा और देशसेवा के गुणों का विकास होता है।

कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेंद्र मेंरती ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों को समस्याओं को हल करने, कार्यक्रमों का प्रबंधन करने और लोगों तक पहुंच बनाने जैसे वास्तविक जीवन के अनुभव मिलते हैं, जिससे नागरिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिलता है। शिक्षक लोकेश राठौड़ ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास क्षमता और टीम वर्क की भावना का विस्तार करता है। भाजपा नेता भेरूलाल धरवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कैंप प्रभारी प्राध्यापक डॉ. माटे ने बताया कि इस एनएसएस कैंप में 50 विद्यार्थी शामिल हुए हैं, और इन सात दिनों में रचनात्मक गतिविधियां संपन्न होंगी। शिविर में कॉलेज की ओर से सिंकदार सिह कन्नौज, डॉ. अंजलि जोशी, डॉ. महेंद्र रणदा और गौरव गरोठिया भी उपस्थित रहे।

1011

## प्रवीण शर्मा बने संभाग विधि प्रभारी



**सरदारपुर।** अभिभाषक संघ सरदारपुर के सदस्य एडवोकेट प्रवीण कुमार शर्मा को भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट का इंदौर संभाग विधि प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीलसिंह यादव ने की। नियुक्ति पर भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय संयोजक प्रेमकुमार वैध, प्रदेश विधी प्रभारी बीजे उपाध्याय, संभाग अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र तिवारी और स्नेही मित्रजनों ने शुभकामनाएं दी ।जानकारी मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के सरदारपुर तहसील मिडिया प्रभारी लक्ष्मण तिवारी ने दी।

**एक नजर** ▶ विक्रम भवन सामुदायिक मांगलिक भवन मनावर में जिला सम्मेल में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कही

# विकसित भारत की दिशा में ग्रामीण रोजगार का नया भरोसेमंद मॉडल बना है

**मनावर ॰ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की दिशा में ग्रामीण रोजगार का नया भरोसेमंद मॉडल बना है जो की भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा कांग्रेस इस योजना को लेकर झूठ बोलने का भ्रम फैलाकर किसान और गरीब मजदूर तथा जनता को गुमराह कर रही है जबकि यह योजना से मजदूर और किसानों को अधिक लाभ मिलेगा यह लाभकारी योजना है कांग्रेस के झूठे फैंस में हमें नहीं आना है। उक्त बात यहां विक्रम भवन सामुदायिक मांगलिक भवन मनावर में जिला सम्मेलन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहीं अपने जिला सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा**





### कार्यक्रम का संचालन . जी राम जी के जिला संयोजक राधेश्याम मुकाती

आभार . भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती ने किया जिला सम्मेलन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती सावित्री जी ठाकुर ,भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल ,भाजपा ग्रामीण धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा ,विधानसभा प्रत्याशी शिवराम कन्नौज पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन भायल, विनोद शर्मा, रमेश धड़ीवाल भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती, नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष महेंद्र परिहार, मोहन पटेल,सुरमा सोलंकी , महेंद्र सेप्टा, बृजेश चौहान भाजपा जिला मंत्री , लोकेश मुकाती , सदाशिव बरफा, सुनील पाटीदार , जिला सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला कपिल पाटीदार, कार्यालय मंत्री पन्नालाल पाटीदार व जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य मंचासीन रही कार्यक्रम में जिले के सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य , सभी मंडल अध्यक्ष मंडल कार्यकारिणी सभी ग्राम इकाई अध्यक्ष कार्यकर्ता सभी कार्यकर्ता सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में *VB-G RAM G* ग्रामीण रोजगार को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है—जहाँ 125 दिन की कानूनी रोजगार गारंटी,साप्ताहिक मजदूरी भुगतान, खेती के मौसम में 60 दिनों का समुचित ब्रेक और बायोमेट्रिक व ठ्ठ आधारित निगरानी के माध्यम से पारदर्शिता और भरोसे को नई मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ योजना नहीं, करोड़ों ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्थिरता और सम्मान का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस योजना को हर समाज तक पहुंच कर होने वाले लाभ की जानकारी देना ताकि उनको हकीकत मालूम हो सके और कांग्रेस द्वारा फैलाई जा रहे छठ के भ्रम को जनता के सामने दूर किया जा सके। लोकसभा में पेश की गई इस योजना से कांग्रेस बुरी तरह से बौखला गई है और झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से 100 दिन का सीमित रोजगार था मजदूरी भुगतान में देरी होती थी खेती के मौसम में भी किसानों को लाभ नहीं हो पता था फर्जी जाच, कार्ड और लीकेज होता अब इस योजना से गांव में विकास की गति मिलेगी

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल , पूर्व जिलध्यक्ष धाडीवाल व भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने स्वागत भाषण को संबोधित करते हुए भाजपा ग्रामीण धार जिला नवीन कार्यकारिणी का परिचय करते हुए जिले के संगठन कार्य के विस्तार से जानकारी दी

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय बाल विकास मंत्री सावित्री ठाकुर ,भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल ,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेहडा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार विधानसभा प्रत्याशी शिवराम कन्नौज द्वारा भारत माता ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए शुभारंभ किया

भाजपा ग्रामीण धार जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर ने बताया कि जिला सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण धार जिला कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात प्रथम कार्यकर्ता परिचय एवं भाजपा ग्रामीण धार जिला कार्यकारिणी सदस्यों का केंद्रीय मंत्री एवं सम्माननीय अतिथि द्वारा स्वागत सम्मान को परिचय किया इस कार्यक्रम में केंद्र की मोदी को प्रदेश सरकार की विकासशील कार्य को लेकर कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए.का केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ने भगव वस्त्रावकर स्वागत किया.रा